हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 30 अप्रैल 2024
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान
अधिकतम 38.2 डिग्री
न्यूनतम 36.2 डिग्री

4 यात्री ट्रेन नहीं हुई शुरु तो प्लेटफार्म पर हो रही पार्किंग और किसानी के काम




बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल
लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें :- 7400009183

### निर्वाचन कार्य में लापरवाही व मादक पेय सेवन करने पर हुई कार्रवाई

# पीडब्ल्यूडी का मानचित्रकार निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य को गंभीरता से न लेते हुए उच्चाधिकारियों के आदेश-निर्देशों का अवहेलना कर उच्चाधिकारियों के कार्यालय में मादक पेय पदार्थ सेवन कर उपस्थित होने पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड जशपुर के मानचित्रकार श्री अमृत एक्का को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

- मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण में पाए गए थे अनुपस्थित

विदित हो कि सहायक रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा क्षेत्र क्र.- 12 जशपुर के अनुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु मतदान दल में नियुक्त अधिकारियों का प्रशिक्षण 8 अप्रैल 2024 से 10 अप्रैल 2024 तक महारानी लक्ष्मीबाई शा. कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जशपुर में आयोजित की गई। उक्त प्रशिक्षण में मतदान अधिकारी क्रमांक 01 के रूप में नियुक्त लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड जशपुर के मानचित्रकार अमृत एक्का के अनुपस्थित पाये जाने पर सहायक रिटर्निंग ऑफिसर जशपुर-12 के द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। अमृत एक्का द्वारा उक्त कारण बताओ नोटिस का जवाब 26 अप्रैल 2024 को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर जशपुर के समक्ष प्रस्तुत किए जाने के दौरान नशे की हालत में पाया गया। जिसका मुलाहिजा कराया गया। मुलाहिजा रिपोर्ट में चिकित्सक ने शराब भारी लिया टीप किया गया है। अमृत एक्का द्वारा निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य को गंभीरता से न लेते हुए उच्चाधिकारियों के आदेश-निर्देशों का अवहेलना कर उच्चाधिकारियों के कार्यालय में मादक पेय पदार्थ सेवन कर उपस्थित होना घोर लापरवाही एवं स्वेच्छाचारितापूर्वक कार्य किया गया है। उनका उक्त कृत्य छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 एवं 23 के सर्वथा विपरीत है। लोक प्रतिनिधित्व नियम, 1951 के धारा 28ए के तहत किसी निर्वाचन के संचालन के लिए रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी, पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी, और इस भाग के अधीन नियुक्त कोई अन्य अधिकारी, और किसी राज्य सरकार द्वारा तत्समय पदाभिहित कोई पुलिस अधिकारी, उस अवधि के लिए, जो ऐसे आदर्श आचार संहिता (अधिसूचना) की तारिख से ऐसे अधिकारी कर्मचारी उस अवधि के दौरान निर्वाचन आयोग के अधीन है। अतः जिला स्तर पर जिला निर्वाचन अधिकारी के नियंत्रण, अधीक्षण और अनुशासन के अधीन हैं। श्री अमृत एक्का का उक्त कृत्य गम्भीर कदाचरण के श्रेणी में आता है। अतः तत्काल कठोर कार्रवाई किया जाना आवश्यक है। श्री अमृत एक्का, मानचित्रकार, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड जशपुर को लोक प्रतिनिधित्व नियम, 1951 के धारा 28ए तथा छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलम्बन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यपालन अभियंता, लो.स्वा.यां.वि. खण्ड जशपुर नियत किया गया है तथा निलम्बन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पत्रता होगी।

## बगीचा बीईओ को नोटिस जारी

लोकसभा समान्य निर्वाचन-2024 के सुचारू रूप से संचालन किए जाने हेतु बगीचा विकासखण्ड के शिक्षा अधिकारी मनी राम यादव को उनके अधीनस्थ कार्यालयों के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों का पीपीईएस साफ्टवेयर में डाटा एंट्री कराये जाने का कार्य सौंपा गया था।

- पीपीईएस साफ्टवेयर में डाटा एंट्री का कार्य नहीं कराने पर हुई कार्रवाई

किन्तु उनके द्वारा अधीनस्थ कार्यालय-स्कूलों में पदस्थ 57 अधिकारी-कर्मचारियों का पीपीईएस साफ्टवेयर में डाटा एंट्री का कार्य नहीं किया गया है। जिससे निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हुआ है। जिसे हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. रवि मित्तल ने शिक्षा अधिकारी मनी राम यादव को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए कहा है कि श्री यादव का उक्त कृत्य से ऐसा परिलक्षित होता है कि वह अपने पदीय कर्तव्यों का निर्वहन निष्ठापूर्वक नहीं किया गया है। जो कि उदासीनता एवं लापरवाही का द्योतक है तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम, 1965 के नियम 03 के विपरीत है। अतः श्री यादव कारण बतावें की उनके उक्त कृत्य के लिए क्यों ने उनके विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही किया जाए। उक्त संबंध में स्वयं उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करें। श्री यादव का जवाब प्राप्त नहीं होने पर अथवा प्राप्त जवाब समाधानकारक नहीं होने पर उनके विरूद्ध नियमानुसार अग्रेत्तर कार्यवाही की जाएगी।

## 85 प्लस व दिव्यांग मतदाताओं का कराया गया होम वोटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर


होम वोटिंग करते दिव्यांग।

जिले के तीनों विधानसभा में 85 प्लस एवं दिव्यांग मतदाताओं का होम वोटिंग 28 एवं 29 अप्रैल को कराया गया। जिसमें 85 प्लस के मतदाताओं में भारी उत्साह एवं जोश देखने को मिला।

उत्साह को देखते हुए मतदान की पूरी प्रक्रिया 28 अप्रैल 2024 को ही पूर्ण कर लिया गया। दुर्भाग्यवश पंजीकृत मतदाताओं में जशपुर विधानसभा के एक मतदाता एवं कुनकुरी विधानसभा के एक मतदाता जो 85 प्लस के थे उनका निर्वाचन के पहले आकस्मिक निधन हो गया। कुनकुरी विधानसभा के एक मतदाता का रायपुर में इलाज चल रहा है इस कारण मतदान नहीं कर पाए। इसी प्रकार जशपुर विधानसभा के 29 में से 28 मतदाताओं ने मतदान किया। कुनकुरी विधानसभा में 28 मतदाताओं में से 26 ने मतदान किया और पत्थलगांव विधानसभा में सभी 30 में से 30 मतदाताओं ने मतदान किया। इस तरह जिल के कुल 87 में से 84 मतदाताओं ने मतदान कर जागरूकता का परिचय दिया है। जशपुर विधानसभा में 24 पंजीकृत 85 प्लस के मतदाता थे और 05 दिव्यांग मतदाता पंजीकृत थे। जिसमें 04 दिव्यांग मतदाताओं ने मतदान किया एवं एक मतदाता का निधन होगया। इसी प्रकार कुनकुरी विधानसभा में 85 प्लस के 18 में से 16 मतदाताओं ने मतदान किया और 10 पंजीकृत दिव्यांगजनों ने शत प्रतिशत मतदान किए।

- होम वोटिंग में 84 मतदाताओं ने उत्साह के साथ किया मतदान

## खबर संक्षेप

### सेंट जेवियर्स स्कूल में परीक्षा परिणाम घोषित



**जशपुरनगर।** शहर के प्रतिष्ठित हिन्दी माध्यम स्कूल सेंट जेवियर्स शांति भवन में सोमवार को वर्ष 2023-24 के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम समारोह प्राचार्य फा.अलेक्स लकड़ा ने स्कूल के टोपर्स के घोषणा से प्रारंभ किया। प्री-प्राइमरी से नब्या तिर्की 100 प्रतिशत प्राइमरी से नंदलाल कु. पैंकरा 99 प्रतिशत मिडिल स्कूल से पम्मी रिया नाग 99.67 प्रतिशत हाई स्कूल से साहिल मिंज 98.17 प्रतिशत एवं हायर सेकेण्डरी से निखिल भगत 95.40 प्रतिशत प्राप्त कर स्कूल को गौरवान्वित किया। मैनेजर फा.निर्मल मिंज ने चैम्पयिन ट्रोफी प्रदान कर बधाईयां दी। इसके बाद कक्षावार रैंक होल्डर्स पहला, दूसरा और तीसरा को मेडल पहना कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे जिन्होंने इस परीक्षा परिणाम घोषणा की सराहना करते हुए स्कूल प्रबंधन की प्रशंसा की। मैनेजर फा.निर्मल मिंज ने सभी विद्यार्थियों को उत्कृष्ट सफालताओं की बधाईयाँ दी और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### भतीजे ने चाचा के साथ मारपीट कर जलाया सामान

**सूरजपुर।** पुरानी रंजिश को लेकर भतीजे ने पहले चाचा की बेदम पिटाई की फिर उसके शौचालय व नहानी का दरवाजा तोड आग लगा दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी बसदेई अंतर्गत ग्राम बांसापारा निवासी परमेश्वर साहू आ. स्व. रामदयाल साहू घर में अकेला था जबकि पत्नी व बच्चे एक सप्ताह पूर्व रायपुर गए थे। गत दिन शाम को परमेश्वर काम करने के पश्चात घर के बाहर हाथ पैर धो रहा था तभी भतीजा सर्वेश साहू पहुंचा और चाचा को पकड़ बडे पिता पूरन साहू के घर चलने की बात कही। जब दोनो पूरन के घर के सामने पहुंचे तभी भतीजा ने पुरानी रंजिश को लेकर चाचा की बेदम पिटाई कर दिया। घटना को देख सौरभ साहू ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। मारपीट से घायल चाचा घर पहुंचा तो सर्वेश पुनः उसके आया और शौचालय, नहानी के दरवाजे को तोड़कर आग के हवाले कर दिया। आग घर में आग लगने से कमरे में रखे कूलर, कपड़ा सहित अन्य सामान जल गए। घटना की रिपोर्ट पीड़ित ग्रामीण ने पुलिस चौकी में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

### शराबी पति ने पत्नी को उतारा मौत के घाट

**डांड़गांव।** पत्नी के भोजन नहीं देने से नाराज हुए पति ने न सिर्फ पत्नी के विवाद कर मारपीट किया बल्कि सिर पर जानलेवा हमला कर मौके घाट उतार दिया। घटना के बाद फरार आरोपी पति को पुलिस 24 घंटे के भीतर ही गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम दमऊ कुंड निवासी किशुन राम शनिवार की शाम शराब के नशे में धुत्त होकर घर पहुंचा और पत्नी गीता से भोजन देने के लिए कहा परंतु पत्नी भोजन नहीं दी जिससे दोनों के बीच विवाद होने लगा। इधर 10 वर्षीय पुत्र व 14 वर्षीय पुत्र ने माता-पिता को झगड़ते देख रोते हुए दादा-दादी के सोने चले गए।

## मीडिया में अश्लील वीडियो अपलोड करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



सोशल मीडिया के दौर में लगातार चाईल्ड पोर्नोग्राफी के मामले सामने आ रहे हैं। पुलिस मुख्यालय नया रायपुर से सिटी कोतवाली जशपुर को प्राप्त साइबर टीप लाईन मामले की जांच सिटी कोतवाली के विवेचक द्वारा की जाकर प्रकरण के आरोपी शिवम राम उम्र 20 साल निवासी डोड़काचौरा को उसके निवास से 29 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

इंटरनेट पर बच्चों से जुड़ी अश्लील फोटो व वीडियो अपलोड करने या देखने पर एनसीआरबी दिल्ली की शाखा संबंधित व्यक्ति पर कार्यवाही के लिये राज्य के पुलिस मुख्यालय को टीपलाइन प्रेषित किया जाता है। इसी क्रम में जिला मुख्यालय जशपुर स्थित सायबर सेल से थाना सिटी कोतवाली जशपुर को प्राप्त सायबर टीपलाइन की जांच विवेचना दौरान थाना प्रभारी द्वारा घटना में प्रयुक्त मोबाईल नंबर का सेवा प्रदाता कंपनी से जानकारी लेकर उक्त मोबाईल के धारक की पतासाजी कर निवास से अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर शिवम राम के द्वारा वर्ष 2022 में सोशल मीडिया एप से महिला एवं बच्चों से संबंधी अश्लील वीडियो सोषल मीडिया में अपलोड करना पाया गया। आरोपी से घटना में प्रयुक्त मोबाईल को जप्त किया गया है। प्रकरण की विवेचना एवं आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी जशपुर निरीक्षक रविशंकर तिवारी, ईश्वर वारले, धीरेन्द्र मधुकर, रवि डनसेना,. थानेष्वर देशमुख का योगदान रहा है। शशि मोहन सिंह पुलिस अधीक्षक जिला-जशपुर (छ.ग.) द्वारा कहा गया है कि:- जिले के विभिन्न थाना व चौकी प्रभारी को सायबर टीप लाईन मामले की जांच हेतु प्रेषित किया गया है, आने वाले समय में इस मामले में और भी आरोपियों की गिरफ्तारी होगी।




## नगर के व्यापारी भी मतदान के लिए कर रहे अपील

**जशपुरनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के लिए मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से स्वीप जश-प्रण कार्यक्रम कराए जा रहे हैं। स्वीप के नोडल अधिकारी व सीईओ अभिषेक कुमार के निर्देश पर जिले के शासकीय विभागों द्वारा जागरूकता रैलियां, पोस्टर, बैनर, पेंटिंग जैसी कई गतिविधियां की जा रही है। इसके अलावा नगर के लोग भी शत प्रतिशत मतदान करने की अपील कर रहे हैं। ऐसी ही एक तस्वीर जशपुर से आई है। जिसमें सुधा डेयरी का दुकान संचालित करने वाले समाजसेवी सत्येंद्र पाठक लोकसभा आम चुनाव में लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील करते हुए दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने ' चुनाव का पर्व,देश का गर्व' स्लोगन लिखा हुआ बैनर अपनी दुकान के बाहर लगाया है।

## सम्मान के साथ मतदान का अनुरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर


मतदाताओं को जागरुक करते छात्र।

शहर के शासकीय रामभजन राय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीए प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए एक अहम स्वीप कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य छात्रों को अंतिम पेपर की समाप्ति के बाद मतदान करने के लिए प्रेरित करना था।

वार्षिक परीक्षा के दूसरी पाली में बीए प्रथम वर्ष के परीक्षार्थी परीक्षा देकर अपने घरों को जाने लगे तो उन्हें महाविद्यालय गेट पर एक सुखद एहसास हुआ। गेट पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विजय रक्षित, स्वीप नोडल अधिकारी गौतम सूर्यवंशी, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ विनय तिवारी, लाइब्रेरियन विश्वनाथ प्रताप सिंह के साथ ही कैंपस एंबेसडर अंजु सिंह और हेमराज राम पुष्प लेकर खड़े थे। रसायनशास्त्र, गणित, इतिहास एवं वनस्पतिशास्त्र के स्नातकोत्तर छात्र- छात्राएं भी पुष्प लेकर खड़ी थी। सभी ने परीक्षार्थियों को पुष्प देकर उन्हें आगामी लोकसभा निर्वाचन हेतु अपना वोट देने के लिए प्रेरित किया और साथ ही अपने आसपास के लोगों को भी प्रेरित करने के लिए आह्वान किया। विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए प्राचार्य डॉ रक्षित ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ नागरिकता की जिम्मेदारी समझना महत्वपूर्ण है। मतदान के माध्यम से छात्र-छात्राओं को समाज में उनका सहभागिता महसूस करने का अवसर मिलता है। यह उन्हें सार्वजनिक जीवन में अधिक सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा देता है। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ विनय तिवारी ने कहा कि मतदाता जागरूकता एक महत्वपूर्ण शैक्षिक अनुभव भी है जो छात्र-छात्राओं को नागरिक जीवन के महत्वपूर्ण सिद्धांतों को समझने में मदद करता है। इस उत्साहजनक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपने नागरिक दायित्व को समझते हुये मतदान करने का संकल्प किया।

## प्रेक्षक ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण


निरीक्षण करते अधिकारी

**जशपुरनगर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रायगढ़ लोकसभा के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ अंशज सिंह ने आज लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मतदान केंद्रों की सुविधाओं एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान एसडीएम श्री नंदजी पांडे, तहसीलदार, जनपद सीईओ, सेक्टर अधिकारी, सुपरवाइजर, बीएलओ सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। प्रेक्षक डॉ अंशज सिंह ने कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत लोरो, पतराटोली, खटगा एक,दो, मयाली, देवबोरा, भंडरी, खंडसा, कंडोरा एक, दो, कुनकुरी एक, दो, तीन चार,पांच सहित अन्य मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

## टास्क फोर्स की संयुक्त टीम ने रोका बाल विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में बाल विवाह की पूर्णतः रोकथाम हेतु टास्क फोर्स का गठन किया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कार्यक्रम अधिकारी बीडी पटेल की पहल से 25 अप्रैल 2024 को महिला एवं बाल विकास विभाग, चाइल्ड हेल्प लाईन एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त टास्क फोर्स को बाल विवाह होने की सूचना मिलने पर जशपुर के ग्राम-बड़ाबनई में एक बालिका का बाल विवाह रोका गया ।

- 13 वर्ष 6 माह की बालिका की तय हुई थी शादी

ग्राम-बड़ाबनई में एक बालिका का विवाह 1 मई 2024 को होना तय किया गया था। किन्तु बालिका के 05 वीं का अंकसूची अनुसार जन्म तिथि 10 अक्टूबर 2010 है। जिसके आधार पर बालिका का उम्र-13 वर्ष 06 माह 15 दिन होना पाया गया। बालिका के माता पिता की सहमति से विवाह स्थगित किया गया। बालिका के माता पिता द्वारा बताया गया कि कानूनी अज्ञानता के कारण शादी करने की बात कही गयी। बाल विवाह रोकने के दौरान संयुक्त टॉक्स फोर्स श्रीमती रूपमती बड़ाईक व श्रीमती रश्मि चौहान पर्यवेक्षक, सुश्री कंचन प्रजापति, आउटरीच वर्कर, श्री नेम्हास एक्का टीम मेम्बर, श्री धनसाय राम आरक्षक द्वारा कार्यवाही की गयी। जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री चन्द्रषेखर यादव द्वारा बताया गया कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई ही नहीं अपितु कानूनन अपराध है। बाल विवाह से बच्चों के सर्वांगीण विकास प्रभावित होता है। बाल विवाह रोक-थाम हेतु बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 लागू किया गया है। जिसमें लड़के की आयु 21 वर्ष एवं लड़की की आयु 18 वर्ष निर्धारित की गयी है। अधिनियम के तहत बाल विवाह करने वाले वर एवं वधु के माता पिता, सगे संबंधी, बाराती यहाँ तक कि विवाह कराने वाले पुरोहित पर भी कानूनी कार्यवाही किया जाना प्रावधानित है। अधिनियम के तहत 2 वर्ष के कठोर सश्रम कारावास तथा 1 लाख का जुर्माना अथवा दोनो से दण्डित किये जाने का प्रावधान है।

## चुनावी जनसम्पर्क के लिए पहुंची विधायक रायमुनी


जनसंपर्क के दौरान विधायक रायमुनी भगत।

**जशपुरनगर।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाताओं तक पार्टी के प्रति विश्वास जाता अधिकृत प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील करने रविवार को जशपुर विधायक ग्रामीण मंडल अंतर्गत आधा दर्जन ग्रामों में पहुंची। यहां केंद्र की मोदी और राज्य की विष्णु सरकार द्वारा चलाए जा रहे सभी लाभकारी योजनाओं को विस्तार से बता भाजपा के पक्ष में माहौल विधायक ने तैयार किया।

ज्ञात हो कि रविवार को जशपुर विधायक जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान जशपुर ग्रामीण मण्डल अंतर्गत ग्राम भेलवाडीह, सालेकेरा, नवाटोली, दर्रिगड़ा, मोराडीह, राजौटी पहुंची।यहां ग्रामीणों को भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित समस्त योजनाओं को विस्तार से बता ग्रामीणों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने का अपील किया गया। जशपुर विधायक ने यहां ग्रामीणों को बताया कि आने वाले 7 मई को आधिक से अधिक संख्या में ग्रामीण अपने मताधिकार का उपयोग कर भाजपा को वोट करें और फिर से केंद्र में नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाये ताकि हमारा भारत विश्व गुरु बने और हमारा आनेवाला भविष्य सुरक्षित हो सके। इस दौरान पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेश राम भगत, कृपाशंकर भगत, मंगलनाथ सिंह, श्याम किशोर शुक्ला, देवनारायण सिंह, रामेश्वर सिंह, चंद्रिका सिंह अखल साय, आशुतोष राय उपस्थित रहे।

### पीडीएस दुकानों से चना गायब


# बीपीएल कार्डधारियों को नहीं मिल रहा राशन का चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में पीडीएस दुकानों में माह अप्रैल में किसी भी कार्ड धारी को चना नही मिल रहा है। हितग्राही चना न मिलने से परेशान हो रहे है। कुछ महीने पहले इसी तरह पी डी ए स दुकानों से शक्कर गायब हो गई थी। नियमतः अगर किसी महीने आपको मिलने वाली सामग्री में कोई सामान नही मिलता हैं तो दूसरे महीने न मिलने वाले समान की मात्रा भी जोड़ कर दी जायेगी।

- जिले में है दो लाख उन्नतीस हजार बीपीएल कार्डधारी

जिले में दो लाख उन्नतीस हजार बीपीएल कार्ड धारी है जिन्हे हर महीने दो किलो चना देने का प्रावधान है। इस महीने जिले के कुल दुकानों के आधा पीडीएस दुकानों में ही चना का वितरण हो पाया है।



शेष आधा दुकानों में चना नही दिया जा सका है। संबंधित अधिकारियों से संपर्क करने पर जानकारी हुई,कि चना का भंडारण मार्च तक का किया गया था। अभी पूरे छत्तीसगढ़ में चना का वितरण नही हो पाया है। चना का वितरण कब तक होगा इस बारे में कोई भी सही जानकारी नहीं दे पा रहा है।

### पीडीएस के मामले में क्या है जिले का हाल

जशपुर जिले में कुल 482 पीडीएस दुकानें है। जिसमे से 2,47,000 हजार कार्ड धारी परिवार लाभवंतित होते है। जिले में 18,000 हजार एपीएल कार्डधारी परिवार है शेष 2,29,000 बीपीएल कार्ड धारी परिवार है। जिन्हे प्रति माह दो किला चना का वितरण किया जाता है।

### वर्तमान में क्या है चना वितरण की स्थिति

जिले के 482 पीडीएस की दुकानों में 4508 क्विंटल चना की खपत है। केवल 250 दुकानों को ही 1988.90 क्विंटल चने का सप्लाई किया गया है शेष 254 दुकानों में 2520 क्विंटल चना नही भेजा गया है। जिसे अगले माह जोडकर भेजे जाने का प्रावधान है देखना है कब तक चना का वितरण सुरू हो पाता है।

### चना आपूर्ति के लिए टेंडर प्रक्रिया में है

चना का स्टॉक डीपो में न होने के कारण आपूर्ति नहीं हो पाई है। चना आपूर्ति के लिए टेंडर प्रक्रिया में है डीपो में चना की आपूर्ति होते ही वितरण के लिए पीडीएस दुकानो को दिया जायेगा।

9मनोज मिंज, जिला प्रबंधक छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाइज कार्पोरेशन लिमिटेड

### नाला में मछली पकड़ने से मना करने पर की भाई की पिटाई

**अम्बिकापुर।** नाला में मछली मारने से मना करने पर छोटे भाई ने पुत्र के साथ मिलकर भाई की पिटाई कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार चंदौरा थाना अंतर्गत ग्राम गोरगी लम्मीडांड़ निवासी सोहर साय पंडो शूक्रवार की शाम सामने खड़ा था। इसी दौरान छोटा भाई मोहर पंडो अपने पुत्र सोनसाय के साथ नाला में मछली पकड़ रहे थे। नाला के पानी गंदा होने पर सोहर साय ने मना किया तो दोनों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। दामाद सोहन पंडो ने ससुर के साथ मारपीट करने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई।

29- APR-Jash-CORIYA-RAGH-SARGUJA-Bhoomi pg-2_Layout 1 4/29/2024 8:10 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## क्या भारत में बैन हो गई 'मंकी मैन'? आखिर कहां अटक गई देव की हॉलीवुड फिल्म



देश की अधिकतर प्रशासनिक मशीनरी के लोकसभा चुनाव में व्यस्त होने और बीते पखवाड़े लगातार छुट्टियां होने के चलते अभिनेता और निर्देशक देव पटेल की बहुचर्चित फिल्म 'मंकी मैन' के भारत में रिलीज होने की तारीख अब तक तय नहीं हो पाई है। हिंसा के अतिरेक से भरपूर फिल्म 'मंकी मैन' में हिंदू देवी देवताओं का जिक्र पश्चिमी देशों के नजरिये से किया जाना भी फिल्म के रास्ते में बड़ी बाधा है। जानकारी के मुताबिक अब तक फिल्म को सेंसर सर्टिफिकेट नहीं मिल पाया है। भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए हर विदेशी फिल्म को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड जिसे आम बोलचाल में सेंसर बोर्ड कहा जाता है, में आवेदन करना होता है। यूनीवर्सल पिक्चर्स फिल्म 'मंकी मैन' को भारत में रिलीज करने के लिए अरसे से बेताब रहा है और उसके स्थानीय अधिकारियों ने फिल्म को सेंसर बोर्ड में जरूरी कागजात के साथ जमा भी कर दिया है। लेकिन, सेंसर बोर्ड के सूत्र बताते हैं कि ये फिल्म अब तक परीक्षण समिति (एग्जामिनिंग कमेटी) ने देखी ही नहीं है। बताया तो यहां तक जाता है कि इसके लिए समिति का गठन होना ही शेष है। परीक्षण समिति के फिल्म देखने के बाद ही किसी फिल्म को उसकी कहानी व उसके नजरिये के मुताबिक सेंसर प्रमाण पत्र मिलता है। फिल्म 'मंकी मैन' का ट्रेलर हिंसा के अतिरेक से भरा हुआ और माना यही जा रहा है कि ये फिल्म भारत में 'केवल वयस्कों के लिए' प्रमाण पत्र के साथ ही रिलीज होगी। फिल्म 'एनिमल' अपने हिंसक दृश्यों के लिए हालांकि भारत में रिकॉर्ड सफलता हासिल कर चुकी है, लेकिन फिल्म 'मंकी मैन' की दिक्कतें और भी हैं। और, इसमें सबसे ऊपर जो दिक्कत बताई जा रही है, वह है हिंदू देवी देवताओं के संदर्भ। बीच में, अफवाह ये भी उड़ी थी कि फिल्म 'मंकी मैन' को भारत में प्रतिबंधित कर दिया गया है। ब्रिटेन में रहने वाले भारतीय मूल के अभिनेता देव पटेल इस फिल्म में अभिनय के साथ साथ इसका निर्देशन भी कर रहे हैं। यह उनकी बतौर निर्देशक पहली फिल्म है। फिल्म अमेरिका समेत दुनिया के तमाम दूसरे देशों मे रिलीज हो चुकी है। पर, फिल्म के भारत में रिलीज होने का रास्ता अब तक साफ नहीं हुआ।

### टॉलीवुड

## 'गैंग्स ऑफ गोदावरी' का टीजर जारी, राउडी अंदाज भा गया



प्रभावशाली 'राउडी फेलो' और एक आकर्षक रोमांटिक-कॉम, 'चल मोहन रंगा' के साथ अपने निर्देशन की शुरुआत के बाद, प्रतिभाशाली निर्देशक कृष्णा चैतन्य ने अब एक रोमांचक नए उद्यम, 'गैंग्स ऑफ गोदावरी' के लिए युवा नायक विश्वक सेन के साथ मिलकर काम किया है। अपनी पिछली शैली से हटकर, निर्देशक और अभिनेता दोनों इस एक्शन से भरपूर फिल्म के साथ दर्शकों का दिल जीतने आ रहे हैं। इसी बीच फैंस के उत्साह को और ज्यादा बढ़ाने के लिए निर्माताओं ने इसका टीजर जारी कर दिया है। टीजर लंकला रत्ना के चरित्र का एक मनोरंजक परिचय प्रदान करता है, जो नाटकीय रूप से साई कुमार के वॉयसओवर के साथ शुरू होता है। टीजर में, हम जबरदस्त एक्शन सीक्वेंस देखते हैं जहां विश्वक सेन का प्रदर्शन काबिल-ए-तारीफ है। आंध्र प्रदेश के लंका गांवों पर आधारित यह फिल्म कुछ गिरोहों के बीच झगड़े के बारे में लगती है। साथ ही इसके कुछ दमदार डायलॉग भी दर्शकों का खासा ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। टीजर फिल्म के लिए काफी प्रत्याशा पैदा करता है। साथ ही एक अंधेरे और रोमांचकारी कथा की ओर इशारा करता है, जो राक्षसी दुनिया में लंकला रत्ना की गरीबों से अमीरी तक की यात्रा की पड़ताल करता है। युवान शंकर राजा के गहन पृष्ठभूमि स्कोर और अनिथ मधाडी के असाधारण दृश्यों के साथ, संपादक नवीन नूली की विशेषज्ञता से पूरित, 'गैंग्स ऑफ गोदावरी' एक सिनेमाई तमाशा का वादा करता है। कलाकारों में प्रमुख महिला के रूप में खूबसूरत नेहा शेट्टी और महत्वपूर्ण भूमिका में प्रतिष्ठित अंजलि शामिल हैं। सूर्यदेवरा नागा वामसी और साई सौजन्या द्वारा निर्मित, यह फिल्म कृष्ण चैतन्य के निर्देशन कौशल का एक नया पहलू दिखाती है, जो दर्शकों को एक महाकाव्य अनुभव देने के लिए तैयार है।

### भोजपुरी

## यश कुमार की 100वीं फिल्म 'दिलदार सांवरिया 2' की शूटिंग हुई शुरू



भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने सितारे यश कुमार अपनी 100वीं फिल्म 'दिलदार सांवरिया 2' लेकर हाजिर हैं। उनकी पहली फिल्म 'दिलदार सांवरिया' भी लोगों को काफी पसंद आई थी। यश कुमार ने कहा- मेरी पहली फिल्म भी 'दिलदार सांवरिया' थी, जिसको दर्शकों ने खूब सराहा था और तब मैंने यह नहीं सोचा था कि एक दिन ऐसा आएगा जब हम अपनी 100 वीं फिल्म के रूप में अपनी पहली फिल्म का सीक्वल कर रहे होंगे। उन्होंने आगे कहा, 'लेकिन यह मेरे लिए बेहद सुखद अनुभूति वाला पल है कि हम एक और अच्छी फिल्म लेकर दर्शकों के बीच आ रहे हैं जो मेरी जिंदगी के लिए सबसे महत्वपूर्ण होने वाली है। यह दर्शकों के प्यार और आशीर्वाद के बिना संभव नहीं था। इसलिए मैं अपने दर्शकों से आग्रह करूंगा कि जब यह फिल्म भी रिलीज हो तो आप सभी इस सुपर-डुपर हिट बनाएं।' वहीं इस फिल्म को लेकर फिल्म के निर्देशक प्रमोद शास्त्री ने भी यश कुमार को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। फिल्म के मुहूर्त पर यश कुमार का आभार जताते हुए उन्होंने कहा कि मुझे अपनी 100वीं फिल्म में निर्देशन का मौका देने के लिए आभार। हम कामना करते हैं कि आप भोजपुरी सिनेमा में ऐसे ही आने वाले लंबे समय तक काम करते रहें।

## लाइफ स्टाइल



## इंतजार नार्वे की बहार का

नॉर्वेजियन फैशन वीक फरवरी में रद्द कर दिया गया लेकिन उम्मीद जताई जा रही है कि अगस्त में पूरी शान के साथ लौटेगा। यह आज नॉर्वेजियन फैशन के लिए नॉर्वे में सबसे बड़ा प्रदर्शन मंच है। आयोजकों ने उम्मीद जताई है कि भविष्य में और बेहतर ढंग से यह फैशन की दुनिया के सामने आएगा। फिलहाल नार्वे में मॉडल इंतजार कर रहे हैं फैशन वीक की तारीख घोषित होने की।

## वैक्सिंग के बाद रूखे हो जाते हैं हाथ-पैर तो इनका करें इस्तेमाल

गर्मी का मौसम शुरू हो गया है। ऐसे में लोगों की त्वचा में भी कई तरह के बदलाव होने लगते हैं। महिलाएं इस मौसम में अपनी त्वचा का खास ध्यान रखती हैं, लेकिन फिर भी कुछ न कुछ परेशानी सामने आती रहती है। खूबसूरत दिखने के लिए महिलाएं अपने शरीर से अनचाहे बालों को हटाती हैं। इसके लिए वैसे तो कई तरह की हेयर रिमूवल क्रीम बाजार में मिल जाती है, लेकिन महिलाओं को अनचाहे बाल हटाने के लिए वैक्सिंग सबसे सही विकल्प लगता है।

वैक्सिंग द्वारा बाल हटाने में काफी दर्द होता है, लेकिन इससे आपकी त्वचा के अनचाहे बाल पूरी तरह से साफ हो जाते हैं। कई बार ये देखा जाता है कि वैक्सिंग के बाद त्वचा काफी रूखी हो जाती है। ऐसे में आप कुछ चीजों का इस्तेमाल करके इस रूखेपन से राहत पा सकते हैं। इस लेख में हम आपको इन्हीं चीजों के बारे में बताएंगे, जिनके इस्तेमाल से आपकी त्वचा भी मुलायम हो जाएगी।

**घी:** त्वचा पर घी लगाने से स्किन की काफी परेशानी कम हो जाती हैं। अगर वैक्सिंग के बाद आपकी त्वचा में जलन हो रही है, और त्वचा रूखी हो गई है, तो भी आप घी का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे आपको तत्काल राहत मिलेगी।



**एलोवेरा:** एलोवेरा में मौजूद तत्व त्वचा को ठंडक पहुंचाने का काम करते हैं। ऐसे में वैक्सिंग के बाद आप अपनी त्वचा पर एलोवेरा लगा सकते हैं। इससे त्वचा काफी मुलायम हो जाती है।

**गुलाब जल और ग्लिसरीन :** इन दोनों चीजों को मिलाकर अगर आप त्वचा पर लगाएंगे, तो आपको स्किन के रूखेपन से राहत मिलेगी। ये त्वचा की कई अन्य परेशानियों को भी कम करने में मदद करता है।

**मलाई:** अगर आपके फ्रिज में मलाई रखी है, तो त्वचा को मुलायम बनाने के लिए आप मलाई का इस्तेमाल कर सकती हैं। मलाई के इस्तेमाल से आपकी स्किन बहुत ही ज्यादा सॉफ्ट हो जाती है और आप बार-बार रूखेपन से परेशान नहीं होंगे।

## सिंपल सलवार-सूट लुक को खास बनाने में मदद करेंगे पोंचे के ये डिजाइंस



फैशन

सूट लुक को खास बनाने के लिए डिजाइन और पैटर्न को बॉडी टाइप के अनुसार ही स्टाइल करना चाहिए। इसके लिए आप लेटेस्ट फैशन ट्रेंड पर नजर डालें। रोजाना पहनने हो या किसी ओकेजन के लिए कम्फ़र्टेबल लुक को कैरी करना हो। इसके लिए सलवार-कमीज बेस्ट ऑप्शन होता है। आमतौर पर कमीज के डिजाइंस में आपको काफी तरह की वेरायटी देखने को मिल जाएगी, लेकिन क्या आप जानती हैं कि स्टाइलिश दिखने के लिए आप सलवार को भी कस्टमाइज कर सकती हैं। सलवार के लिए आप इसके पोंचो पर काफी तरह के डिजाइन बनवा सकती हैं। तो चलिए देखते हैं सलवार के पोंचें के लिए कुछ खास डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे आपने सलवार-कमीज लुक को स्टाइल करने के आसान टिप्स-

### पर्ल डिजाइन सलवार

पर्ल में आपको कई तरह के कलर ऑप्शन भी देखने को मिल जाएंगे। ज्यादातर इस तरह के मोती का इस्तेमाल पेस्टल कलर की सलवार में आप कर सकती हैं। इसके आलावा चाहे तो कट वर्क करके आप फैंसी लुक देने के लिए इस तरह से कई सारे पर्ल मोती को सलवार में लगवा सकती हैं। इसका पैकेट आपको 50 रुपये से भी कम में आसानी से मिल जाएगा।



### गोटा-पट्टी लेस डिजाइन सलवार

लेस वर्क को काफी तरह से कस्टमाइज करवाकर आप सूट की सलवार में लगवा सकती हैं। ज्यादातर इसका इस्तेमाल प्लेन फैब्रिक को थान से खरीदकर बनवाएं सूट को फैंसी लुक देने के लिए किया जाता है। इसमें आप चाहे तो आपस में मिलती-जुलती लेस का कॉम्बिनेशन बनवाकर पोंचे में लगा सकती हैं। इसमें आपको बारीक वाली किनारी लेस में काफी डिजाइन और कलर मिल जाएंगे।

### चिकनकारी डिजाइन सलवार

सलवार को क्लासी और फैंसी लुक देना चाहती हैं तो इस तरह से आप कढ़ाई वर्क का सहारा भी ले सकती हैं। कढ़ाई वर्क की बात करें तो गर्मी के मौसम में चिकनकारी कढ़ाई वर्क को काफी ज्यादा पसंद किया जाता है। कमीज के अलावा आप पोंचे में रफल बनवाकर ऊपर चिकनकारी डिजाइन वाली सलवार को चुन सकती हैं।


## कलर्ड हेयर पर भूल से भी नहीं इस्तेमाल करने चाहिए ये इंग्रीडिएंट्स

कलर्ड हेयर आपके लुक को बेहद खास बनाते हैं। हालांकि, अगर आप अपने कलर्ड हेयर पर कुछ चीजों का इस्तेमाल करते हैं तो इससे कलर फेड हो सकता है या फिर उसे नुकसान हो सकता है।

हम सभी अपने लुक को समय-समय पर बदलना चाहते हैं और इसलिए अक्सर कुछ ना कुछ चेंज करते हैं। ऐसे में बालों को कलर करवाना बेहद ही आम है। बालों के कलर करवाने से आपका ओवर ऑल लुक चेंज हो जाता है। हालांकि, कलर्ड हेयर तभी अच्छे लगते हैं, जब इनकी सही तरह से केयर की जाए। कलर्ड हेयर पर किसी भी तरह के प्रोडक्ट या फिर होम रेमिडीज को अप्लाई करने से पहले अधिक ध्यान देने की जरूरत होती है।

दरअसल, ऐसे कई चीजें होती हैं, जिन्हें अगर कलर्ड हेयर पर इस्तेमाल किया जाता है तो इससे ना केवल बाल डैमेज होते हैं, बल्कि उनका कलर भी फेड होने लगता है, जिससे आपका लुक खराब हो जाता है। जानते हैं, कुछ ऐसे ही इंग्रीडिएंट्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको अपने कलर्ड हेयर पर अप्लाई करने से बचना चाहिए-

**सिरका:** अक्सर लोग बालों को रिंस करने के लिए या फिर स्कैल्प बिल्डअप को क्लीन करने के लिए सेब के सिरके का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन



अगर आप इसे बार-बार अपने कलर्ड हेयर पर अप्लाई करते हैं तो इससे आपके बालों का रंग फीका पड़ सकता है। जिससे आपके बाल बेजान नजर आ सकते हैं।

**बेकिंग सोडा:** अगर आपके कलर्ड हेयर हैं तो आपको बेकिंग सोडा का इस्तेमाल भी करने से बचना चाहिए। बेकिंग सोडा बहुत अधिक अल्कलाइन होता है और ऐसे में यह आपके कलर्ड हेयर को नुकसान पहुंचा सकता है।

यह बालों का प्राकृतिक तेल और रंग छीन सकता है, जिससे वे अधिक रूखे, कमजोर व बेजान नजर आ सकते हैं।

## सिंपल चूड़ियों की सेलिब्रिटी स्टाइल में करें सेटिंग, लोग करेंगे तारीफ

महिलाओं का श्रृंगार चूड़ियों के बिना अधूरा है। एक अच्छी और फैंसी लुक वाली चूड़ी आपके सिंपल-सोबर लुक में चार-चांद लगा देती है। बाजार में भी आपको तरह-तरह के पैटर्न और डिजाइन में चूड़ियां मिल जाएंगी। मगर सबसे ज्यादा मुश्किल होता है कि चूड़ियों की मैचिंग या सेटिंग को नया अंदाज देना। आज हम आपको कुछ सेलिब्रिटीज द्वारा की गई चूड़ियों की सेटिंग स्टाइल दिखाएंगे, जिन्हें देख कर आप भी उन्हेंज रीक्रिएट कर सकती हैं।

आजकल बाजार में आपको हर रंग की चूड़ियां मिल जाएंगी। अगर आपके आउटफिर में 1 से अधिक रंग हैं तो 2 सबसे अधिक नजर आने वाले रंगों की चूड़ियों को आप मिक्स -मैच करके पहन सकती हैं। मिक्स-मैच करने के लिए आप सिंपल और एक जैसे पैटर्न की चूड़ियां खरीदे और उन्हेंह बंच में एक हाथ में पहन लें।

हाथों में अगर आप 2 रंग की चूड़ियां पहन रही हैं, तो आधा दर्जन एक रंग की और आधा दर्जन दूसरे रंग की चूड़ी पहनें। बाजार में आपको बहुत से पैटर्न की चूड़ियां मिल जाएंगी मगर इस तरह से अगर आप चूड़ियों की सेटिंग कर रही हैं तो आपको वेल्वेएट, थ्रेड वर्क या मेटल की चूड़ियां



ही खरीदनी चाहिए।


हरे रंग की चूड़ियों का फैशन कभी भी पुराना नहीं होता है और आप इन्हेंक किसी भी ट्रेडिशनल आउटफिट और किसी भी रंग के साथ पहन सकती हैं। खासतौर पर किसी त्यो हार या फिर शादी के फंक्शन में आप हरे रंग की चूड़ियों को स्टाइलिश अंदाज में पहनना चाहती हैं, तो आपको गोल्ड न मेटल या कांच की चूड़ियों के साथ उन्हें सेट करके पहनना चाहिए। आप चाहें तो सोने की चूड़ियों के साथ भी हरे रंग की कांच की चूड़ियां पहन सकती हैं।

### कार्नर न्यूज

## मेन्स परफ्यूम में च्वाइस के साथ समझदारी भी जरूरी

परफ्यूम हमारी पर्सनैलिटी को एक जबरदस्त बूस्ट देता है। ये आपको कॉन्फिडेंस देता है, कि तन की दुर्गंध पास आने वाले किसी शख्स को तंग नहीं करेगी। परफ्यूम की फ्रेग्रेंस न सिर्फ आपके स्टाइल स्टेटमेंट को दिखाता है, बल्कि आपकी अच्छी ग्रूमिंग की आदतों के बारे में भी संकेत देता है। लेकिन, ज्यादातर लोग परफ्यूम पसंद कैसे करते हैं? कुछ तो टीवी पर ऐड देखकर वो वाला परफ्यूम खरीदते हैं, जिसे लगाने के बाद लड़कियां पीछे भागती हैं। भले ही उसकी फ्रेग्रेंस उन्हें खुद पसंद नहीं आई। आईए, जानते हैं कि गर्मियों के मौसम के लिए बेस्ट परफ्यूम कैसे खरीदा जाए।

## गर्मियों के मौसम में मेंस परफ्यूम खरीदते हुए रखें इन जरूरी बातों का ध्यान



### गर्मियों में कैसे परफ्यूम खरीदें?

गर्मियों के मौसम में बहुत तेज खुशबू वाले या गर्म मिजाज वाले परफ्यूम को लगाने से बचना चाहिए। जैसे, सर्दियों के मौसम के लिए हिना या मेहंदी की खुशबू वाले परफ्यूम बेस्ट हैं। लेकिन इनका इस्तेमाल गर्मियों के मौसम में नहीं करना चाहिए। गर्मियों में हल्की और भीनी खुशबू वाले परफ्यूम का प्रयोग करना चाहिए। इसकी फ्रेग्रेंस मन को शांत करे और रूमानी अहसास भी दे। अगर आप ऐसे परफ्यूम का चुनाव करते हैं, तभी परफ्यूम का पूरा आनंद ले सकेंगे।

### गर्मियों के मौसम के लिए बेस्ट परफ्यूम

गर्मियों में बेस्ट मेंस परफ्यूम के लिए हर किसी की अपनी च्वाइस हो सकती है। लेकिन फिर भी हम आपको 3 ऐसे प्रोडक्ट्स के बारे में बता रहे हैं, जो लो बजट में भी प्रीमियम फील पाने में हेल्प कर सकते हैं।

### विलेन हाइड्रा यू डे परफ्यूम फॉर मेन

विलेन हाइड्रा परफ्यूम (यू डे परफ्यूम) गर्मियों के मौसम के लिए बेस्ट परफ्यूम में से एक है। इस शानदार परफ्यूम के टॉप नोट्स में लेमन, मिंट, ग्रेपफ्रूट की खुशबू आती है। जबकि मिडिल नोट्स में जैस्मिन, जायफल और व्हाइट फ्लावर का फील आता है। जबकि बेस नोट्स में व्हाइट मस्क, सीडर और चंदन की सुगंध आती है। ये परफ्यूम आपको लंबे समय तक तरोताजा और फ्रेश फील पाने में मदद करेगा।


### विलेन द जोकर यू डे परफ्यूम फॉर मेन



विलेन द जोकर यू डे परफ्यूम फॉर मेन कॉलेज गोइंग स्टूडेंट्स के लिए बेस्ट च्वाइस हो सकता है। इस परफ्यूम को न सिर्फ इंडोर बल्कि आउटडोर के लिए भी बेस्ट माना जाता है। इस परफ्यूम के बेस नोट्स में अंबरवुड, पिचूली, ओकमॉस और खस के नोट्स मिलते हैं।

29- APR-Jash-CORIYA-RAGH-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 4/29/2024 8:13 PM Page 1






# दीपक की फिल्म टिप्सी का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता-फिल्मकार दीपक तिजोरी की आने वाली फिल्म टिप्सी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म का निर्माण राजू चड्ढा और दीपक तिजोरी ने किया है। टिप्सी का निर्देशन दीपक तिजोरी ने किया है। सना खान और अनीता शर्मा फिल्म की सह-निर्माता हैं। टिप्सी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर की शुरुआत गोवा जैसे खूबसूरत शहर से होती है। जहां पांच लड़कियों का एक ग्रुप घूमने जाता है, लेकिन इन लड़कियों के लिए ये गोवा का ट्रिप आफत बन जाएगा। इसके बारे में नहीं पता था। गर्ल्स का ये ट्रिप उन्हें जेल की हवा खाने पर मजबूर कर देता है। ट्रेलर में दीपक तिजोरी की भी दमदार एंट्री देखने को मिलती है।

लाइफ Style


# मनीषा

## 'हीरामंडी' में दिखाएंगी बागी अवतार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सुभाष घई की फिल्म 'सौदागर' से अपने बॉलीवुड करियर की शुरुआत करने वाली मनीषा कोइराला इन दिनों खूब चर्चा में हैं। उनका सुर्खियों में होना भी वाजिब है, क्योंकि संजय लीला भंसाली के करियर की पहली वेब सीरीज 'हीरामंडी' में वह बेहद अहम भूमिका निभा रही हैं।

खास बात यह है कि भंसाली, मनीषा के पसंदीदा निर्देशक रहे हैं। हाल ही में उन्होंने निर्देशक के साथ-साथ इस सीरीज में अपने किरदार पर बात की। 'हीरामंडी' में मनीषा सबसे वरिष्ठ अभिनेत्री हैं। अपने बागी किरदार 'मल्लिका जान' पर मनीषा ने कहा, मैंने ऐसा किरदार पहले कभी नहीं किया और मुझे मालूम नहीं था कि मैं कैसे करूंगी, लेकिन इतना मालूम था कि मैं जान दे दूंगी, जान लगा दूंगी और जो भी संजय हमसे करवाना चाहते थे, वह एकदम पूरे समर्पण के साथ करूंगी। ये बहुत, बहुत, बहुत ही नया किरदार है मेरे लिए। मनीषा के मुताबिक, 'हीरामंडी' में बहुत सी कहानियां हैं। इसमें कई सीजन तक आगे जाने की सामग्री है। इस सीरीज में ऋचा चड्ढा, अदिति राव हैदरी, सोनाक्षी सिन्हा, संजीदा शेख और शरमीन सहगल भी अहम भूमिका में हैं। 'हीरामंडी' को भंसाली ने हिंदी सिनेमा की कालजयी फिल्म 'मुगल-ए-आजम' की तर्ज पर बनाया है। इसके हर फ्रेम में कला का काम है। यह सीरीज 1 मई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। मनीषा ने भंसाली संग पहली बार '1942: ए लव स्टोरी' में काम किया था। भंसाली इस फिल्म के सहायक निर्देशक थे। जब मनीषा से भंसाली के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, बतौर निर्देशक उनमें जबरदस्त बदलाव आए हैं।




हॉलीवुड मसाला

# जीता पत्नी से तलाक मुकदमा




**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड स्टार जॉनी डेप ने इंग्लैंड के बर्मिंघम में अपने दोस्तों के साथ एक खास सेलिब्रेशन किया। डिनर पर 62,000 डॉलर या 48.22 लाख रुपये खर्च किए। डेप ने रेस्तरां में इंडियन फूड, कॉकटेल और शैंपेन की दावत दी। अभिनेता ने बुधवार को एक बड़ी जीत हासिल की, जब उन्हें 36 साल की एक्स वाइफ एम्बर हर्ड के खिलाफ मानहानि के मुकदमे में 10.35 मिलियन डॉलर का फैसला सुनाया गया। पार्टी में जॉनी डेप अपने म्यूजीशियन दोस्त और साथी जेफ बेक सहित 20 अन्य शामिल हुए।




# जेनिफर व बेन ने 20 साल बाद फिर की सगाई

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड अभिनेत्री और सिंगर जेनिफर लोपेज और अभिनेता बेन एफ्लेक ने सगाई कर ली है। सिंगर ने अपनी ऑफिशियल वेबसाइट पर पुष्टि की है कि वह बेन से सगाई टूटने के लगभग 18 साल बाद 2021 में एक-दूसरे के करीब आने के बाद अब शादी के बंधन में बंधने की योजना बना रही हैं। जेनिफर लोपेज और 49 साल के बेन एफ्लेक ने पहली बार फिल्म 'गिगली' में काम करने के बाद डेटिंग शुरू की थी। करीब 52 साल की रोपेज ने सबसे पहले अपने फेसबुक और इंस्टाग्राम पेज पर यह घोषणा की, जिसके बाद उन्होंने अपने करीबी लोगों के साथ इससे जुड़ा एक ईमेल साझा किया। लोपेज की वेबसाइट पर प्रशंसकों के लिए साझा किए गए संदेश में सिंगर की एक क्लिप शामिल थी, जिसमें सगाई की हीरे की अंगूठी की तारीफ की गई थी।



# 'तेरा चेहरा' पर बनाई आम्रपाली ने रील

**मुंबई।** भोजपुरी स्टार आम्रपाली दुबे ने म्यूजिक कंपोजर अदनान सामी के गाने 'तेरा चेहरा' पर रील बनाई और इसे शेयर करते हुए गाने के प्रति अपनी दीवानगी को साझा किया। आम्रपाली ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह एक्ट्रेस रानी मुखर्जी पर फिल्माए गए गाने 'तेरा चेहरा' पर लिप-सिंक करती नजर आ रही हैं। आम्रपाली जल्द ही प्रदीप पांडे और संचिता बनर्जी स्टारर अपकमिंग फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' में दिखाई देंगी. फिल्म का निर्देशन प्रेमांशु सिंह ने किया है। आम्रपाली ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत 2008 में शो 'सात फेरे: सलोनी का सफर' से की थी। भोजपुरी सिनेमा में उनकी एंट्री 2014 की फिल्म 'निरहुआ हिंदुस्तानी' से हुई. तब से, वह 'निरहुआ हिंदुस्तानी 2 और 3', 'बॉर्डर', 'निरहुआ चलल लंदन' और 'शेर सिंह' में नजर आ चुकी हैं।



# 'खेल- खेल में' की रिलीज डेट जारी

अक्षय कुमार आने वाले दिनों में कई बड़ी फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। 'खेल खेल में' उनकी आने वाली चर्चित फिल्मों में शुमार है। इस फिल्म से जुड़ीं कई जानकारियां सामने आई थीं, लेकिन रिलीज तारीख तय नहीं हुई थी। अब फिल्म की रिलीज को लेकर आधिकारिक घोषणा हो गई है। अक्षय इस फिल्म में तापसी पन्नू और वाणी कपूर के साथ नजर आएंगे। आइए जानते हैं पर्दे पर कब आएगी 'खेल खेल में'। यह फिल्म 6 सितंबर, 2024 को सिनेमाघरों का रुख करेगी। इसका पहला पोस्टर भी सामने आ गया है। यह फिल्म भूषण कुमार के प्रोडक्शन हाउस टी-सीरीज के बैनर तले बन रही है, जो कॉमेडी, ड्रामा और इमोशंस से भरपूर होगी। मुदस्सर अजीज ने इस फिल्म का निर्देशन किया है।

टीवी मसाला


# दीपा को मिला खास शो, 'अटल' में निभा रहीं सुशीला बुआ का किरदार

**नई दिल्ली।** शो 'अटल' में सुशीला बुआ को चालाक और शातिर महिला के रूप में दिखाया जाएगा जो लोग उनका फेवर करते हैं, उनके लिए वह बहुत अच्छी हैं, लेकिन जो उनके काम के नहीं हैं, उनके लिए वह बेहद क्रूर हैं। अपने किरदार पर चर्चा करते हुए, दीपा ने कहा, 'सुशीला बुआ के चरित्र को बताने के लिए विधवा, कर्मकांडी, शातिर और लालची सबसे अच्छे शब्द हैं। उनके अनुसार, किसी व्यक्ति का स्वार्थ और लालच यह तय करते हैं कि आप उन्हें पसंद करते हैं या नहीं। उनका किरदार वाजपेयी के घर में, खास तौर से अटल (व्योम ठक्कर) और कृष्णा देवी (नेहा जोशी) के लिए चुनौतीपूर्ण स्थिति पैदा करेगा। यह कहानी में एक नया ट्विस्ट और ड्रामा लाएगा। शो में सुशीला बुआ की एंट्री 29 अप्रैल को प्रसारित हुए एपिसोड में हुई। दीपा ने कहा, 'नीति का पढ़ाई को समर्थन और अटल के रुख के खिलाफ सुदर्शन त्रिपाठी, नीति के दोस्तों के पैरेंट्स को उकसाता है और वे आकर अटल के खिलाफ नारे लगाने लगते हैं, जिससे कृष्णा देवी आहत हो गईं। सुशीला बुआ अगली सुबह वाजपेयी के घर पहुंचती हैं और जबरदस्ती इज्जत पाने की अपेक्षा करती हैं और कृष्णा देवी से अपने पैर धोने के लिए कहती हैं। एक्ट्रेस ने कहा, 'वह यह भी मांग करती हैं कि कृष्णा देवी और कृष्ण बिहारी वाजपेयी अवध और सरस्वती को घर वापस लाएं और वह उनके लौटने के बाद ही घर में प्रवेश करेंगी।



## अन्नपूर्णा को मिला दिलचस्प रोल

**नई दिल्ली।** अन्नपूर्णा भैरी एक अच्छी एक्ट्रेस हैं. उन्हें अब दर्शक टीवी शो 'चाहेंगे तुम्हें इतना' में 'दादी' का किरदार निभाते हुए देखेंगे। शो में अन्नपूर्णा, अमित की मां और अमृता की सास के किरदार में हैं। एक्ट्रेस ने अपने किरदार को लेकर उत्साह व्यक्त किया और बताया कि यह उनके वास्तविक जीवन के व्यक्तित्व के बिल्कुल विपरीत है। एक्ट्रेस ने कहा, 'चाहेंगे तुम्हें इतना' में मेरा किरदार गिरिजा देवी का है, जो एक ऐसी महिला है जिसने प्रभुत्व के कौशल में महारत हासिल की है। वह बहुत पुराने विचारों वाली हैं और चाहती हैं कि पूरा परिवार उन नियमों का पालन करें, जिनमें वह विश्वास करती हैं। अन्नपूर्णा ने आगे कहा, 'असल जिंदगी में मैं बिल्कुल अलग हूं. ऑफ-स्क्रीन मेरा स्वभाव बहुत नरम है और मुझे किसी पर हावी होना पसंद नहीं है। यह भूमिका मेरे साथ-साथ दर्शकों के लिए भी एक रोलर कोस्टर राइड होगी। जैसे-जैसे 'चाहेंगे तुम्हें इतना' में सिद्धार्थ और आशी की शादी की कहानी आगे बढ़ेगी, दादी एक अहम मोड़ लाएगी।



# जब डांस फ्लोर नाचते हुए रोमांटिक हुए एवरग्रीन हेमा-धर्मेंद्र



**मुंबई।** बॉलीवुड की एवरग्रीन जोड़ी एक्ट्रेस हेमा मालिनी और धर्मेंद्र एक बार फिर अपने रोमांटिक अंदाज को लेकर सुर्खियों में हैं। वयोवृद्ध अभिनेता धर्मेंद्र और हेमामालिनी की जोड़ी दर्शकों द्वारा खूब पंसद की गई। यही वजह थी कि हेमा मालिनी और धर्मेंद्र पर्दे पर दो दर्जन से अधिक फिल्मों में रिपीट की गई। हेमामालिनी-धर्मेंद्र की जोड़ी पर्दे पर ही नहीं, रियल जिंदगी में भी सुपर हिट है। साथ-साथ काम करते-करते दोनों को प्यार हुआ और सभी बंधनों को तोड़ दोनों शादी कर ली जबकि धर्मेंद्र पहले से शादीशुदा थे।

***ड्रीम गर्ल के गाने पर किया रोमांटिक डांस :*** अक्सर पार्टीज में साथ-साथ नजर आने वाले धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की जोड़ी का हाल में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें हीमैन धर्मेंद्र अपनी ड्रीम गर्ल के साथ रोमांस करते हुए नजर आ रहे हैं। खास बात ये है कि बैकग्राउंड में ड्रीम गर्ल वाला गाना ही प्ले हो रहा है।

***वीडियो इंडियाज गॉट टैलेंट के तीसरे सीजन का :*** धर्मेंद्र-हेमामालिनी का डांस वीडियो रियलिटी शो इंडियाज गॉट टैलेंट के तीसरे सीजन का है। जिसमें धर्मेंद्र और उनकी पत्नी हेमा मालिनी गेस्ट के तौर पर आए हैं। उनके साथ उनकी बेटी ईशा देओल भी हैं. शो की कंटेस्टेंट हेमा और धर्मेंद्र से डांस की रिक्वेस्ट करती है, तो दोनों स्टेज पर आते हैं। फिर जो कुछ होता है, वह लोगों को रुमानी बनाने के लिए काफी है।

# फिल्म इंडस्ट्री को लेकर परिणीति का बड़ा खुलासा

*__मुंबई।__ बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा का कहना है कि फिल्म इंडस्ट्री में नेपोटिज्म वास्तविक हो भी सकता है और नहीं भी, लेकिन यहां फेवरेटिज्म जरूर चलता है। परिणीति ने नेपोटिज्म और फेवरेटिज्म पर खुलकर बात की है। उन्होंने कहा कि लोग नेपोटिज्म की बात करते हैं, लेकिन उन लोगों पर और ज्यादा दबाव होता है जिसका कोई इंडस्ट्री में होता है। उनकी वजह से आपको पहला मौका मिल जाता है, लेकिन लोग स्टार का बच्चा सुपरस्टार की बहन कहते हैं। यदि आप काम अच्छा नहीं करेंगे तो दर्शक रिजेक्ट कर देंगे। उन्होंने कहा कि यदि मेरी बहन (प्रियंका चोपड़ा) उस दिन यशराज फिल्म्स में शूटिंग न कर रही होती, जिस दिन मैं वहां मार्केटिंग की नौकरी पाने के लिए गई थी, तो वह मुझे नहीं मिलती। मेरे घर से कोई एक्टर हैं, इसलिए मैं किसी फिल्म के सेट पर जा पाई, लेकिन बहन के स्टार होने से मुझे कोई फायदा नहीं हुआ, नहीं तो मेरी भी फिल्में चलती।*



## 2023 की 1 मूवी ने तोड़ा सबका रिकॉर्ड, लिस्ट में ऐसी मूवी भी है

# ओटीटी पर मौजूद हैं वो फिल्में, जिन्हें मिली है सबसे हाई रेटिंग

*__मुंबई।__ बहुत सारे लोग किसी भी फिल्म को देखने से पहले उसकी आईएमडीबी रेटिंग पता करते हैं। अगर रेटिंग अच्छी है, तभी वह फिल्मों को देखते हैं। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसी फिल्मों के बारे में बताते हैं, जिन्हें आईएमडीबी पर 8 से ज्यादा रेटिंग मिली है। सभी एक से एक धांसू फिल्म हैं, जिनका लुत्फ आप अपने मोबाइल, टीवी या फिर लैपटॉप पर उठा सकते हैं। लिस्ट में ऐसी मूवी भी है, जिसकी रेटिंग सबसे ज्यादा यानी 10 में से 9 है।*




**सीता रामम :** दुलकर सलमान और मृणाल ठाकुर की ये मूवी साल 2022 में रिलीज हुई थी। 'सीता रामम' एक शानदार लव स्टोरी मूवी है, जिसे लोगों ने खूब पसंद दिया। आईएमडीबी पर फिल्म की रेटिंग 10 में से 8.5 है। इसे आप डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

**12वीं फेल :** विक्रांत मैसी की ये मूवी साल 2023 में आई थी। यह आईपीएस मनोज कुमार शर्मा की बायोपिक है, जिसमें उनकी जिंदगी और संघर्ष की कहानी को बयां किया गया है। इस मूवी को 10 में से 9 रेटिंग मिली है। इसका लुत्फ आप डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर उठा सकते हैं।




**एमएस धोनी- द अनटोल्ड स्टोरी :** सुशांत सिंह राजपूत की ये मूवी साल 2016 में आई थी। यह भारत के मशहूर क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी की लाइफ पर बनी है। आईएमडीबी पर 8 रेटिंग के साथ यह फिल्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर मौजूद है।






**छिछोरे :** स्टूडेंट लाइफ पर बनी ये फिल्म साल 2019 में आई थी। सुशांत सिंह राजपूत, श्रद्धा कपूर, वरुण शर्मा और अन्य कई सितारों ने फिल्म में काम किया था। 'छिछोरे' को आईएमडीबी पर 8.3 रेटिंग मिली थी। यह मूवी डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर अबेलेबल है।



**बाहुबली 2 :** सुपरस्टार प्रभास की 'बाहुबली 2' फिल्म साल 2017 में रिलीज हुई थी। यह अब तक की सबसे धांसू इंडियन फिल्मों की लिस्ट में शुमार है। 'बाहुबली 2' की आईएमडीबी पर 10 में से 8.2 रेटिंग है। यह मूवी डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर धड़ल्ले से स्ट्रीम हो रही है।

## खबर संक्षेप

### वित्त मंत्री पर आपत्तिजनक बयान, एफआईआर दर्ज

**रायगढ़।** जिले में खाद्य विभाग में कार्यरत एक संविदा कर्मचारी ने वित्त मंत्री व नगर विधायक ओपी चौधरी को लेकर एक आपत्तिजनक बयान सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर पोस्ट किया। जिसके बाद भारतीय जनता पार्टी ने इस बयान पर कड़ी आपत्ति दर्ज करते हुए कर्मचारी के खिलाफ थाने मे पहुंच कर एफआईआर भी दर्ज कराया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार खाद्य विभाग में कार्यरत संविदा कर्मचारी केशव पटेल ने बीते दिनों फेसबुक पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी को लेकर एक आपत्तिजनक पोस्ट किया। इस पोस्ट के वायरल होने पर भाजपाई भड़क गए। बताया जा रहा है कि उक्त कर्मचारी के खिलाफ दंतेवाड़ा में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने एफआईआर दर्ज कराया है और कर्मचारी पर कार्रवाई की मांग भी की है। इस संबंध में मिली जानकारी उक्त कर्मचारी पहले भी प्रकाश नायक सहित कई अन्य नेताओं के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट कर चुका है। इस बार फिर इसी तरह का एक वाक्या सामने आया है।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

**रायगढ़।** थाना कोतवाली में स्थानीय



महिला द्वारा उसकी नाबालिग लडकी के साथ सज्जाद अली 39 वर्ष द्वारा डरा धमका कर दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि 25 अप्रैल को सज्जाद अली की पत्नी घर आकर उसके मोबाइल पर लड़की का आपत्तिजनक फोटो दिखाकर झगड़ा करने लगी। तब महिला अपनी बेटी से पूछी तो उसने बताया कि 18 अप्रैल के सुबह घर के पीछे खाना बनाने के लिए लकड़ी काट रही थी। तभी वहां बकरी चराने के बहाने से सज्जाद अली आया और डरा धमका कर खाली कमरे में ले जाकर शारीरिक संबंध बनाया और मोबाइल पर अंतरंग फोटो ले लिया था और घटना किसी को नहीं बताने की धमकी भी दिया। बालिका डर और लोक लाज से घटना किसी को नहीं बताई थी।

### धरमजयगढ़ रोड से यात्री ट्रेन शुरु करने की मांग ठंडे बस्ते में

# यात्री ट्रेन नहीं हुई शुरु तो प्लेटफार्म पर हो रही पार्किंग और किसानी के काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

करीब दो साल पहले कोयला ढुलाई के लिए शुरु हुई मालगाडियों के परिवहन हेतु बनाए गए धरमजयगढ रोड पर यात्री ट्रेन शुरु होने की प्रतीक्षा लंबी होते देख औचित्यहीन साबित हो रहे रेलवे स्टेशन का उपयोग ग्रामीण वाहन पार्किंग व फसलों को सुखाने में कर रहे हैं। इससे रेलवे स्टेशन के भी देखरेख व सफाई व्यवस्था को लेकर विभागीय उदासीनता साफ समझी था सकती है।

गौरतलब है कि कोयले की रैक के द्रुत परिवहन के लिए साल 2018 में खरसिया से धरमजयगढ़ तक 3 हजार 55 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले रेल लाइन का कार्य शुभारंभ किया गया। साथ ही इसी रेल कॉरीडोर के फेस टू में धरमजयगढ़ से उरगा तक 1686 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले रेल लाइन का भूमिपूजन किया गया था। 24 सितंबर को मुख्यमंत्री रमन सिंह व कोयला एवं रेल मंत्री पीयूष गोयल ने छत्तीसगढ़ के लिए नई रेल लाइन का भूमिपूजन किया था। खरसिया से धरमजयगढ़ के बीच 132 किलोमीटर के नई लाइन पर पटरी बिछाने का शुरू हुआ था तो 2022 में पूरा हुआ।

वहीं धरमजयगढ़ कोरबा उरगा के बीच 63 किलोमीटर की नई रेल लाइन का शिलान्यास किया गया। दोनों ही परियोजनाओं की अनुमानित लागत 4741 करोड़ रुपए है। रेल लाइन के साथ ही बीच में कई जगह नए स्टेशन भी बनाए गए हैं। ईस्ट कॉरीडोर की दोनों ही परियोजनाएं जिले के लिए फायदेमंद है। उम्मीद की था रही थी कि धरमजयगढ़, खरसिया, और घरघोड़ा ब्लॉक पूरी तरह से रेल मार्ग से जुड़ जाएगा। प्रोजेक्ट में पैसे लगाने वाली कंपनियों के साथ अनुबंध पर भी रेल मंत्री ने हस्ताक्षर किए थे।

दोनों परियोजना की कुल लागत रुपए का 64 प्रतिशत एसईसीएल, 26 प्रतिशत इरकॉन और 10 प्रतिशत की राशि छत्तीसगढ़ शासन संयुक्त रूप से साझा किया। परियोजनाओं का निर्माण काम इरकॉन कंपनी द्वारा किया गया है। 2023 में सीएम नरेन्द्र मोदी के कोडातराई में आयोजित जनसभा के दौरान धरमजयगढ रोड से पैसेंजर ट्रेन शुरु करने के एलान की अटकलें लगाई गई थी लेकिन ऐसा नहीं हुआ और उसके बाद इस मामले में कोई नई बात सामने नहीं आई। इस वजह से वनांचल के लोगों में निराशा भी है।






#### बनाए गए हैं 9 स्टेशन

नई रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत खरसिया से धरमजयगढ़ तक गुरदा, छाल, घरघोड़ा, कोरीछापर, कुडुमकेला, धरमजयगढ़, भालूमाड़ा और गारे पेलमा में 9 रेलवे स्टेशन बनाए गए हैं। इन 9 जगहों पर रेलवे स्टेशनों पर मालगाड़ियों के साथ भविष्य में श यात्री ट्रेनें के ठहराए की तैयारी की गई है लेकिन दो साल पहले मालगाडी का परिचालन शुरु होने के बाद अब तक यात्री ट्रेन शुरु नहीं हो सकी है। रेल लाइन की लंबाई 132 किमी और लागत 3055 करोड़ रुपए है। परियोजना के अंतर्गत धरमजयगढ़ और कोरबा.उरगा के बीच में खड़गांव, हाटी, धस्कामुड़ा, घिनारा, डोंगामा और भैसामा में 6 स्टेशन बनाए गए हैं। इन स्टेशनों में शुरुआत के क्रमबद्ध तीन स्टेशन खड़गांवए हाटी और धस्कामुड़ा रायगढ़ जिले में आते है। इस परियोजना में रेल लाइन की लंबाई 63 किमी और लागत 1686 करोड़ रुपए है।

## मरीन ड्राइव में मारपीट करने वाले 5 गिरफ्तार

**रायगढ़।** चक्रधर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पंजरी प्लांट मरीन ड्राइव में मारपीट करने व हुडदंग मचाने वाले 5 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की रात करीब 10.30 बजे सूचना थाना प्रभारी चक्रधरनगर को सूचना मिली कि पंजरी प्लांट मरीन ड्राइव के पास कुछ शरारती युवकों द्वारा झगड़ा लड़ाई करते हुए हुड़दंग मचाया जा रहा है। सूचना मिलने के बाद चक्रधर नगर पुलिस सहित पेट्रोलिंग पार्टी मरीन ड्राइव पहुंची। जहां कुछ असामाजिक तत्व गाली गलौज करते हुए दूसरे पक्ष को लाठी डंडा से मारपीट करते हुए धमकी दे रहे थे। पुलिस टीम को आते देख असामाजिक तत्व मौके से



इधर उधर भागने लगे, जिन्हें पकड़ कर थाने लाया गया। इस मामले में सोनी पांडे पिता स्व. कन्हैया पांडे उम्र 24 साल, देवेश कुमार यादव उर्फ लाल पिता दिल चंद यादव उम्र 23 साल, सुमेश सिंह सिदार उर्फ मोनू पिता स्व. फूल सिंह सिदार उम्र 26 साल तीनों निवासी पहाड़ मंदिर, आमीर उल्लाह खान उर्फ छोटू पिता चांद मोहम्मद आदि को गिरफ्तार किया है।

## दो बाइक में भिड़ंत, 4 घायल, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छाल थाना क्षेत्र अंतर्गत दो मोटरसाइकिल में भिंडत होने पर चार लोग घायल हो गए और एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं पुलिस ने आरोपी बाइक सवार पर अपराध दर्ज कर लिया है। इस संबंध में कमलेश राठिया पात घुरसिंह राठिया निवासी ग्राम छाल रायपारा ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह खेती किसानी का काम करता है। उसका भाई मितेश राठिया 26 अप्रैल को अपने मित्र अनवर राठिया और भरतलाल राठिया के साथ मोटरसाइकिल से नावापारा से रूखमण राठिया के घर शादी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गया था। वे तीनों रात्रि करीब 1.30 बजे छाल की तरह से आ रहे मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 13 एजेड 2126 के चालक अनिल राठिया ने तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए तीनों को ठोकर मार दिया। इस दुर्घटना में मितेश राठिया, भरत राठिया तथा अनवर राठिया को चोंट लगी। इस संबंध में अनवर राठिया पिता रामसाय राठिया ने भी रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसका भाई अनिल राठिया अपने साथी दीपक बैगा के साथ छाल से नावापारा के शादी समारोह से लौटते वक्त भरत राठिया ने अनिल राठिया को ठोकर मार दी। जिससे अनिल व उसका साथी घायल हो गया।

## कैनेडियन एयरलाइंस में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, आरोपी बिहार से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कनाडियन एयरलाइंस में फूड प्रोसेसिंग का जॉब दिलाने का झांसा देकर वीजा व अन्य कागजात बनाने के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में छाल पुलिस को बड़ी सफलता हासिल हुई है। छाल पुलिस द्वारा आरोपी कुंदन कुमार को बिहार के समस्तीपुर से गिरफ्तार कर रायगढ़ लाया गया है। आरोपी से ठगी के 3 लाख 70 हजार रूपए और एक मोबाइल की जप्ती की गई है।



■ तीन लाख 70 हजार नकद जब्त

जानकारी के मुताबिक 13 अप्रैल को थाना छाल में रिपोर्टकर्ता आवेदक संदीप कुमार तिग्गा पिता लाल साय तिग्गा उम्र 36 साल, निवासी ग्राम पुरूंगा थाना छाल द्वारा आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके दोस्त के जरिये कुन्दन कुमार नाम के व्यक्ति से बात हुई जिससे दिल्ली में मिला था। कुंदन कुमार ने विदेश में जाब दिलाने का आश्वासन देकर अपना आधार कार्डए विजिटिंग कार्ड दिया और कनाडियन एयर लाईन में फूड पैकिंग कनाडा में जॉब देने की बात कहकर प्रोसेस के नाम पर पहले 25 हजार रूपए लिया ।

थोडे दिन बाद टिकट बुकिंग के लिए 1 लाख 50 हजार रूपये भेजने बोला और टिकट बुक कर भेज देगा बताया। फिर 10-15 दिन बाद कुंदन ने वीजा के नाम पर 1 लाख 95 हजार रूपए लिए। दिसंबर 2023 से फरवरी 2024 तक संदीप से कुंदन ने कुल 3 लाख 70 हजार ऑनलाइन फोन पर और बैंक ट्रांसफर के माध्यम से प्राप्त' किया। संदीप ने सबूत के नाम पर टिकट एवं वीजा भेजने के लिए कुंदन को बोला तो उसने मोबाईल चोरी हो जाने और उसी में सब टिकट होने की बात बोला। संदीप को आभास हुआ कि साथ धोखाधडी कर रहा है। उसने साईबर क्राईम पोर्टल में आनलाईन शिकायत दर्ज कराया जिससे कुंदन का बैंक अकाउट फ्रीज हो गया। कुंदन द्वारा संदीप पर दबाव बनाया गया कि शिकायत वापस ले ले। संदीप तिग्गा के लिखित आवेदन पर थाना छाल में आरोपी पर धारा 420 आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।छाल पुलिस पीड़ित संदीप तिग्गा के बैंक डिटेल निकालकर आरोपी का लोकेशन लिया गया और शीघ्र बिहार में दबिश देकर आरोपी कुंदन कुमार पिता रामजतन पंडित उम्र 26 साल निवासी हवासपुर थाना पटोरी जिला समस्तीपुर बिहार हाल मुकाम एमसीएफ 162 चावला कॉलोनी बल्लभगढ़ को गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने बताया कि उसने रिपोर्टकर्ता संदीप तिग्गा से 3 लाख 70 हजार की ठगी के अलावा संजोग मिंज निवासी जशपुर से 3 लाख 50 हजार तथा संजीत कुमार कुजूर निवासी सुंदरगढ़ उड़ीसा से 3 लाख 50 हजार जॉब दिलाने, कनाडियन वीजा लगाने के नाम पर प्राप्त किया।

